प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

राष्ट्र पति–पद्म पुस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज शाम राष्ट्रपति भवन में नागरिक सम्मान समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। देश के सर्वोच्च नागरिक सम्माननों में शामिल पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री में दिये जाते हैं। इस वर्ष गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सरकार ने 139 पद्म पुरस्क्रों की घोषणा की थी। इसमें सात पद्म विभूषण, 19 पद्म भूषण और 113 पद्मश्री पुरस्कार हैं। हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के प्रगतिशील बागवान हरिमन शर्मा भी पदमश्री पुरस्कार प्राप्त करने वालों में शामिल हैं। हरिमन शर्मा को पदमश्री मिलना प्रदेश के लिए गर्व की बात है।

नडडा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि भारत बडे स्तर के उपचार केन्द्रों की स्थापना और समय पर रोग निदान को बढावा देने पर ध्यान केन्द्रित कर कैंसर के उपचार में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है। नड्डा ने महाराष्ट्र के एक सरकारी कैंसर अस्पताल की अत्याधुनिक ट्रू बीम यूनिट के शुभारम्भ और विस्तारित कैंसर संस्थान के उद्घाटन के अवसर पर कल यह बात कही। स्वास्थ्य मंत्री ने प्रतिष्ठित मेडिकल जर्नल – द लैंसेट की एक रिपोर्ट का हवाला दिया जिसमें कहा गया कि सरकार के प्रयासों से भारत में कैंसर के 90 प्रतिशत रोगी, जांच के 30 दिनों के भीतर ही इलाज शुरुआत कर रहे हैं, जो विश्व स्तर पर एक रिकॉर्ड है। नड्डा ने कहा कि एक लाख 75 हजार आयुष्मान आरोग्य मंदिर देशभर में स्थापित किये गये

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज सोलन जिले के दौरे पर हैं। इसके तहत वे आज कसौली में राष्ट्रीय ट्रक और बस मीट कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। बाद दोपहर मुख्यमंत्री का वापिस शिमला लौटने का कार्यक्रम है।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कल उना जिले के प्रसिद्व राज्यस्तरीय हरोली उत्सव का शुभारम्भ किया। राज्यपाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश अपनी समृद्ध लोक संस्कृति, परंपराओं और नैतिक मूल्यों के लिए पूरे देश में विख्यात है। संस्कृति का संरक्षण केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि हमारी अगली पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का माध्यम भी है।

राज्यपाल ने कहा कि इस वर्ष हरोली उत्सव की थीम ''नशा मुक्त ऊना– नशा मुक्त हिमाचल'' का यह संदेश केवल एक नारा नहीं है, बल्कि हमारे युवाओं के उज्ज्वल भविष्य का संकल्प है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री भी इस दौरान विशेष रूप से मौजूद रहे। उत्सव के पहला दिन इस बार अंतर्राष्ट्रीय रंगों से सराबोर नजर आया। विभिन्न देशों के सांस्कृतिक प्रतिनिधियों ने शोभायात्रा में भाग लेकर अपनी अनूठी कला और संस्कृति का भव्य प्रदर्शन किया।

पीपल मेला

इस बीच कुल्लू ज़िले का तीन दिवसीय राज्य स्तरीय पीपल मेला आज से शुरू हो रहा है। कल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर इस मेले का आज विधिवत शुभारंभ करेंगे। मेले में लग रहे प्लाटो के आबंटन से नगर परिषद् कुल्लू को इस बार एक करोड़ से अधिक रूपए की आमदनी हुई है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे कुल्लू जिला संवाददाता.....

अग्निकांड

चम्बा जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी के समीप ग्राम पंचायत धरवास में कल रात भीषण अग्निकांड की घटना में 90 वर्षीय बुजुर्ग शिवलाल की दम घुटने से मौत हो गई, जबकि दो लोग आग में झुलस गए। घायलों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल किलाड़ में भर्ती करवाया गया है। पांगी के तहसीलदार शांता कुमार ने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है और जांच जारी है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से..............

प्रदेश में बड़े प्रशासनिक फेरबदल से जुड़ी खबर को समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अमर उजाला की सुर्खी है–किरण लाहौल, प्रियंका सिरमौर और राहुल बिलासपुर के डीसी।

दैनिक जागरण का शीर्षक है–तीन जिलों के डीसी बदले, आविद हुसेन होंगे उर्जा निगम के एमडी।

दैनिक भास्कर की खबर है–आई टी आई में स्टैनो ग्राफी के छात्रों को मिलेगी ए आई टूल्स की भी ट्रेंनिग नए सैशन से शुरू होगी व्यवस्था।

मौसम पर पंजाब केसरी की सुर्खी है–ऊना में 42 डिग्री तक पहुंचा पारा हीट वैव का येलो अलर्ट ।

---